आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :495 पृष्ठ -4 दिनांक 04 जून 2025 दिन बुधवार

## यूपी में आज चलेगी आंधी, मेघगर्जन के साथ बारिश की चेतावनी

उत्तर प्रदेश में इस बार मौसम काफी मेहरबान रहा. मई की महीने में रुक–रुक कर अलग–अलग जगहों पर बारिश होती रही और अब जून महीने की शुरुआत भी बारिश के साथ हुई है. इसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. मौसम विभाग ने आज (3 जून) भी प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है. वहीं 30 से ज्यादा जिलों में झमाझम बारिश का ऑरेंज अलर्ट है. इस दौरान तेज आंधी और बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है, जिससे मौसम सुहाना रहेगा. मौसम विभाग के मुताबिक आज पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में ऐसा मौसम बना हुआ है. आज लगभग सभी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होगी, जिससे तापमान में कमी आएगी. आज कई जगहों पर 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया हैं. पांच जून तक प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा. इसके बाद 6 जून से मौसम शुष्क रहेगा. इसके बाद प्रदेश में कहीं बारिश होने का अनुमान नहीं है. फिर गर्मी अपना तेवर दिखाने शुरू कर देगी.मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में अचानक 2–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी. इसके बाद शुक्रवार



से इसमें 4–6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है. यानी आने वाले दिनों में लोगों का भीषण गर्मी से सामने होने वाला है. इस दौरान अधिकतम तापमान 45–46 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है. मई और जून की शुरुआत बारिश के साथ होने के बाद जल्द ही गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिलेगा.इन जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्टयूपी में आज सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, आगरा, इटावा, औरैया, कानपुर, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, प्रतापगढ़, कौशांबी, चित्रकूट, वाराणसी, जौनपुर, मीरजापुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, प्रयागराज, गाजीपुर, चंदौली, संत रविदास नगर और सोनभद्र व आसपास के ज्यादातर इलाकों में गरज चमक के साथ तेज आंधी और झमाझम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इस दौरान इन इलाकों में 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी दी गई हैं. इसके अलावा रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, रामपुर, अमरोहा और बरेली में मेघ गर्जन के साथ तेज बारिश होने का यलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, हापुड़, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, और हरदोई में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती हैं. इन मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान हैं.

## बड़े मंगल पर आज बदली रहेगी लखनऊ कीयातायात व्यवस्था, इन रूट पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

लखनऊ शहर में बड़ा मंगल पर प्रमुख मंदिरों व अन्य जगहों पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नया एवं पुराना हनुमान मंदिर अलीगंज व हनुमान सेतु मंदिर पर मुख्य रूप से मेले का आयोजन होगा। इसलिए सोमवार रात 12 बजे से मंगलवार रात मेला खत्म होने तक पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके लिए ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर–9454405155 पर सूचना देनी होगी ।यहां रहेगी रोकसीतापुर रोड से रोडवेज व सिटी बसें पुरनिया एवं डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से कपूरथला व आईटी चौराहा की तरफ रोक रहेगी। कैसरबाग व हजरतगंज की ओर से भारी वाहन सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की तरफ नहीं जाएंगे। कुर्सी रोड की ओर से विष्णुपुरी कालोनी व हीवेट पालीटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की ओर नहीं जाएगा ।आईटी चौराहा से रोडवेज व सिटी बसें विवेकानंद पॉलीक्लीनिक निराला नगर से विवेकानंद ओवरब्रिज से कपूरथला होते हुए अलीगंज की तरफ नहीं जाएंगी। अलीगंज सहारा टावर (नगर निगम जोन–3 कार्यालय) तिराहे से कपूरथला चौराहे की ओर रोक रहेगी। आईटी व निरालानगर से निरालानगर तिराहे से कपूरथला चौराहे की ओर रोक रहेगी ।छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला की ओर रोक रहेगी ।साईं मंदिर अलीगंज तिराहे की ओर से कपूरथला चौराहा की ओर रोक रहेगी ।अल्कापुरी तिराहे से कपूरथला चौराहा की ओर रोक रहेगी ।सुशीला देवी स्मृतिका से शालीमार कट से हनुमान सेतु की तरफ रोक रहेगी ।आईटी चौराहा की तरफ से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी ।क्लार्क अवध तिराहा से हनुमंतधाम मंदिर की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन सुभाष चौराहे से क्लार्क अवध, शहीद स्मारक, डालीगंज पुल, शाहमीना, पक्कापुल से दाएं डालीगंज व पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज के नीचे से मड़ियांव, चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, निशातगंज, महानगर होकर जा सकेंगे ।ये यातायात हीवेट पॉलिटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाहनगर, निशातगंज, सिकंदरबाग होकर जाएगा ।ये बसें अयोध्या रोड, सेंट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पालीटेक्नक से विष्णुपुरी होकर जाएंगी। ये वाहन सहारा टावर तिराहे से दाएं 50 मीटर आगे तिराहे से बाएं सहारा टावर के पीछे से साईं मंदिर तिराहा से दाएं निरालानगर ओवरब्रिज होते हुए जाएगा ।निरालानगर तिराहे से बाएं चौराहा नंबर आठ से डालीगंज रेलवे क्रॉसिग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होते हुए जाएगा। वायरलेस चौराहा से सेन्ट्रल बैंक होकर जा सकेंगे ।ये वाहन तिराहे से बाएं प्रगति बाजार के पीछे से सहारा टॉवर होकर जाएंगे ।ये वाहन अल्कापुरी ओवरब्रिज, चौराहा नंबर आठ होकर जा सकेंगे। ये वाहन शालीमार कट दाएं होते जाएंगे। ये वाहन डालीगंज पुल चौराहा व निशातगंज होकर जा सकेंगे।

## प्रयागराज से लखनऊ आ रही वंदे भारत पर पत्थरबाजी, घटना की जांच शुरू

लखनऊ रू प्रयागराज से लखनऊ आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंके जाने की घटना की जांच शुरू हो गई है। घटना की जानकारी होते ही D-A-R-M. ने तत्काल RPF को इस मामले में एक्शन लेने का निर्देश दिया था। प्रयागराज से लखनऊ आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर अटरामपुर–रामचौरा स्टेशन के बीच रविवार को पत्थर फेंकने वाले की तलाश आरपीएफ ने शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इस मामले में प्रयाग आरपीएफ ने मामला भी दर्ज कर लिया है। अटरामपुर–रामचौरा स्टेशन के बीच रविवार दोपहर 12.45 बजे कोच संख्या सी–1 पर पत्थर फेंका गया। रेलवे प्रवक्ता के अनुसार सीट नंबर 25, 26 और 27 के विंडो के पास की घटना है। इस मामले को लेकर एक यात्री ने डीआरएम के एक्स पर पोस्ट किया था। बताया कि पत्थर से एक बच्ची को चोटें आई हैं।

## यूपी में किसानों के लिए योगी सरकार लाई नई योजना, 16 जिलों में किया जाएगा ये खास काम

उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए खुशखबरी है. योगी सरकार ने किसानों की मेहनत का उचित दाम दिलाने के लिए प्रदेश के 16 जिलों में 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाने का बड़ा फैसला लिया है. यह गोदाम 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के जरिए बनाए जाएंगे. इस योजना से किसानों को अपनी फसल का भंडारण करने की सुविधा मिलेगी. इससे किसान अपनी उपज को औने–पौने दाम पर बेचने को मजबूरी नहीं होंगे और बाजार में सही समय पर उचित दाम मिल सकेगा.इन गोदामों का निर्माण विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत किया जाएगा. लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में ये गोदाम तैयार होंगे. सरकार का कहना है कि इन गोदामों से किसानों को ही नहीं, बल्कि कृषि उद्योग और रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी.कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, हमारे देश में किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कत उपज के भंडारण की होती है. फसल कटने के बाद किसान तुरंत बेचने पर मजबूर होते हैं, क्योंकि भंडारण की सुविधा न होने के कारण उपज खराब होने का डर रहता है. ऐसे में गोदाम बनने से किसानों को राहत मिलेगी और वे उपज को ज्यादा दिन तक सुरक्षित रख सकेंगे. इस वजह से बाजार में जब सही दाम मिलेंगे, तभी वे अपनी फसल बेच सकेंगे. इससे बिचौलियों की भूमिका भी खत्म होगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा.इन गोदामों की क्षमता 500 से 1000 मीट्रिक टन के बीच होगी. सरकार ने कहा है कि इन गोदामों में कृषि उत्पादों के साथ ही रोजमर्रा की वस्तुओं का भी सही प्रबंधन होगा. इससे गांवों में खाने–पीने और अन्य जरूरी चीजों की सप्लाई में कोई परेशानी नहीं आएगी. यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डबल इंजन सरकार' के तहत चलाई जा रही है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों सरकारें मिलकर किसानों की मदद कर रही हैं.किसान नेताओं का कहना है कि अगर ये गोदाम समय पर बन गए तो किसानों को सीधा फायदा मिलेगा. इससे उन्हें कर्ज लेने की जरूरत कम पड़ेगी और फसल के लिए सही दाम मिल पाएगा. सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा और किसानों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा. इस कदम से यूपी के लाखों किसानों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है.

## यूपी पुलिस में अग्निवीरों को कैसे मिलेगा आरक्षण और कितनी होगी उम्र की छूट

उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन सहित कई पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया. राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यह जानकारी दी.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया.मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री खन्ना ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पूर्व अग्निवीरों को सार्थक सेवा के बाद अवसर प्रदान करना है.उन्होंने कहा, श्यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है. आरक्षण सभी श्रेणियों – सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी पर लागू होगा. अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगाय अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर.श्खन्ना ने कहा कि इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को तीन साल तक की विशेष आयु छूट भी प्रदान की जाएगी.

## उत्तर प्रदेश त्योहारों से पहले सीएम योगी की सख्त चेतावनी, कानून–व्यवस्था को लेकर क्या–क्या दिए निर्देश?



उत्तर प्रदेश में आगामी त्योहरों को देखते हुए कानून–व्यवस्था की लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो. सभी लोग शांति और भाईचारे से खुशियां मनाएं.सीएम योगी ने कहा कि सरकार के लिए जनहित सबसे जरूरी है. फील्ड में काम कर रहे अफसरों और पुलिस को चाहिए कि वे सतर्क रहें, समय पर कदम उठाएं और लोगों से संवाद बनाए रखें. उन्होंने कहा कि कई बार छोटे विवाद लापरवाही की वजह से बड़े बन जाते हैं, इसलिए सतर्क रहकर और बातचीत के जरिए ऐसे मामलों को समय रहते सुलझाना चाहिए.मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जब किसी इलाके में विवाद हो, तो पुलिस को शिकायत का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि तुरंत जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि प्रदेश में शांति और आपसी भाईचारा बना रहे. मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा है, इसलिए इन दिनों खास सतर्कता बरतनी होगी. यह समय कानून–व्यवस्था के लिहाज से काफी संवेदनशील है.उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे अपने–अपने इलाकों में पहले क्या घटनाएं हुई थीं, उसका रिकॉर्ड देखें, जिन लोगों पर गड़बड़ी फैलाने या नियम तोड़ने का शक हो, उनकी पहचान करें और समय रहते कार्रवाई करें. सभी थानों, तहसीलों और जिलों में शांति समितियों से बातचीत जरूर हो. मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर ट्रैफिक बंद न हो और धार्मिक जगहों के पास लगातार पुलिस की गश्त चलती रहे, ताकि माहौल शांतिपूर्ण बना रहे.मुख्यमंत्री ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी सिर्फ पहले से तय किए गए जगहों पर ही होनी चाहिए, कहीं और नहीं. जिन जानवरों की कुर्बानी पर रोक है, उनकी कुर्बानी बिल्कुल न हो. हर जिले में कुर्बानी के बाद सफाई और कचरे के निपटारे की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए. नमाज भी सिर्फ उन जगहों पर होनी चाहिए, जहां पहले से होती आई है. सड़कों को बंद करके नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं होगी. उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था का सम्मान जरूर हो, लेकिन कोई नई परंपरा शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी.सीएम ने कहा कि हाल ही में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं, इसलिए सभी को इस पर खास ध्यान देना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को सख्ती से सभी सुरक्षा नियमों का पालन कराने के निर्देश दिए. साथ ही लोगों को समझाया जाए कि मरे हुए जानवरों को नदियों में बिल्कुल न डालें.उन्होंने कहा कि बिना अनुमति वाले स्लॉटर हाउस कभी भी नहीं चलने चाहिए, जो स्लॉटर हाउस कानूनी हैं, उनमें तय सीमा से ज्यादा जानवर नहीं रखे जाएं. खुले जगहों पर मांस बेचने पर पूरी तरह रोक होनी चाहिए. बेघर जानवरों के आश्रय स्थलों पर उनके लिए हरा चारा, पानी और अन्य जरूरी चीजें अच्छी तरह से उपलब्ध हों. साथ ही, अगर तेज हवा या तूफान की वजह से बिजली चली जाती है, तो तुरंत उसे वापस लाने के लिए काम शुरू किया जाए ताकि बिजली सेवा प्रभावित न हो.मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसानों की सभ्यता नदियों के पास ही विकसित हुई है. हमारी नदियां हमारी जिंदगी के लिए बहुत जरूरी हैं, इसलिए उनकी सफाई और पुनः सुधार करना जरूरी है. उत्तर प्रदेश में हर जिले में कोई न कोई नदी है, जो अच्छी बात है. जालौन जिले में नून नदी को फिर से साफ और स्वच्छ बनाने का अच्छा उदाहरण है, जिसे अन्य जिलों के लिए प्रेरणा माना जाना चाहिए. इस साल के पौधारोपण अभियान को नदी बचाने और साफ करने के काम से जोड़ दिया जाए.उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा के लिए गंगा नदी के घाटों की अच्छी सफाई और सजावट की जाए. 4 जून को सफाई अभियान चलाया जाए और 5 जून को शाम को आरती और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं. घाटों पर स्नान करने के लिए खास जगहें तय की जाएं. सुरक्षा के लिए गोताखोरों, पीएसी फ्लड यूनिट, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ जैसे बचाव दल वहां मौजूद रहें.मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम रखा जाए. इसमें सांसद, विधायक और सभी जनप्रतिनिधि शामिल हों. 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण की भी तैयारी की जाए. इसके लिए भारत सरकार के योग नियमों के अनुसार मास्टर ट्रेनर तैयार कर जिलों में भेजे जाएं. योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी शामिल होंगे, सीधा प्रसारण सभी जगह किया जाए. नगर विकास और ग्राम विकास विभाग स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाएं. योग दिवस पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए.सीएम ने कहा कि सड़क हादसों के लिए यातायात नियमों की अनदेखी सबसे बड़ी वजह है, इसलिए सड़क की डिजाइन और व्यवस्था में सुधार किया जाए, जैसे सही साइनेज और स्पीड ब्रेकर लगाना जरूरी है. अवैध बस और ऑटो स्टैंड को तुरंत हटाया जाए. सभी सड़क हादसों की जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों को पता किया जाए. साथ ही, उन्होंने हर जिले में सिविल डिफेंस टीम बनाने के भी निर्देश दिए हैं.मुख्यमंत्री ने बैठक में जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा की. अच्छे काम करने वाले अधिकारियों की तारीफ की और जो ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें सुधारने के लिए सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कानून–व्यवस्था और जनता की शिकायतों का समाधान सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है. आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन से मिली शिकायतों को समय पर और पूरी संतुष्टि के साथ निपटाना जरूरी है. केवल शिकायत बंद करना ही काफी नहीं है, शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना भी जरूरी है.उन्होंने कहा कि इसके लिए हर शिकायत का जवाब देने से पहले शिकायतकर्ता से बात की जाए और जरूरत हो तो मौके पर जाकर जांच भी की जाए. सभी अधिकारी रोजाना अपने कार्यालय में जनता से शिकायत सुनें और हर विभाग में पब्लिक ग्रीवांस ऑफिसर जरूर तैनात करें.

# राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी अलीगढ़ में बीए एलएलबी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा में आज एक गड़बड़ी सामने आई

राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी अलीगढ़ में बीए एलएलबी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा में आज एक गड़बड़ी सामने आई। हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज में स्थित परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध कराया गया। नियम के अनुसार प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होना चाहिए था।कॉलेज प्रशासन को जैसे ही इस त्रुटि की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क किया। इस गड़बड़ी के कारण परीक्षा को तत्काल स्थगित कर दिया गया। इस परीक्षा में कुल 126 विद्यार्थियों को शामिल होना था।दोबारा कराई जाएगी यह परीक्षा... जिले के दो आरपीएम कॉलेज सहित दो डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी इस परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आए थे। सभी परीक्षार्थी बिना परीक्षा दिए निराश होकर वापस लौट गए। अभी इस परीक्षा की अगली तिथि घोषित नहीं की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही इस परीक्षा की नई तिथि की घोषणा करेगा।

## हाथरस में मौसम के बदलाव से सेहत पर असर रोजाना 200 बच्चे पहुंच रहे जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों में भी बीमार बच्चों की भरमार



मौसम में लगातार आ रहे बदलाव से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ गई हैं। पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज रोजाना बदल रहा है। कभी उमस भरी गर्मी पड़ रही है तो कभी तापमान में गिरावट आ रही है।इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की सेहत पर देखा जा रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में आज 200 से अधिक बच्चे उल्टी-दस्त, बुखार, खांसी और जुकाम की शिकायत लेकर पहुंच रहे। निजी अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि तेज गर्मी के बीच होने वाली बारिश स्वास्थ्य के लिए संवेदनशील होती है। इस मौसम में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।खानपान का रखें विशेष ध्यान..दूषित पानी से होने वाली बीमारियां, वायरल फीवर, मलेरिया, टाइफाइड और डायरिया के मामले भी बढ़ सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी की जरूरत है। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए। बारिश में भीगने से बचना चाहिए क्योंकि इससे त्वचा संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। स्वच्छ पेयजल का सेवन करना चाहिए। कपड़ों की सफाई का भी ध्यान रखना जरूरी है। मच्छरों से बचाव के लिए सावधानी बरतें। किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# बरेली में जीआरपी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विनीत कुमार की ट्रेन से गिरकर मौत



बरेली में जीआरपी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विनीत कुमार की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। उनका परिवार हाथरस पुलिस लाइन में रहता है। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी बरेली चले गए। मंगलवार को उनका शव सुभाष नगर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिला।घटना के समय वह बेगमपुरा एक्सप्रेस में ड्यूटी पर थे। वहां पर मौके पर एसएसपी अनुराग आर्य और जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली खान पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास मिली सरकारी पिस्टल और अन्य सामान को सुरक्षित रख लिया गया है।फर्रुखाबाद के रहने वाले थे हेड कांस्टेबलविनीत कुमार मूल रूप से फर्रुखाबाद के रहने वाले थे। उनका परिवार हाथरस पुलिस लाइन में रहता है। इससे पहले उनकी तैनाती हाथरस के विभिन्न थानों में रही थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य हाथरस से बरेली के लिए रवाना हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डायरिया के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी

सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डायरिया के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ के कारण वार्ड पूरी तरह भर गया है।चिकित्सकों ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्मी के मौसम में ओआरएस का प्रयोग करना आवश्यक है। उल्टी और दस्त होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।स्वास्थ्य केंद्र पर कुल 215 मरीज पहुंचे। सभी मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं दी गईं। डॉक्टर प्रवीन भारती ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी में घर से निकलते समय टोपी और पानी की बोतल साथ रखें।उन्होंने दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। तेज बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं। बाहर और बाजार की खाद्य वस्तुओं से बचें। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अचल ताल के पास कब्रिस्तान और वक्फ की जमीन पर बन रही बाउंड्री, नगर निगम ने कराई ध्वस्त



अलीगढ़ में अचल ताल के पास कब्रिस्तान और वक्फ की जमीन पर अवैध रूप से निर्माणाधीन दीवार को नगर निगम की टीम ने ढहा दिया। साथ ही कहा कि आगे से अगर निर्माण कराया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अचल ताल पर कुछ लोग खाली जमीन पर दीवार का निर्माण कार्य कर रहे थे। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम में की। सूचना पर सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, संपत्ति विभाग के लिपिक विजय गुप्ता और प्रवर्तन दल की टीम पहुंच गई। निर्माण करा रहे लोगों ने जमीन के कागजात मांगे गए मगर वह नहीं दिखा सके। जांच में जमीन कब्रिस्तान व वक्फ की निकली। टीम ने तत्काल निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया है। संपत्ति विभाग के प्रभारी विजय गुप्ता को जमीन के संबंध में उचित व संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। संपत्ति विभाग प्रभारी ने बताया है कि यह जमीन वक्फ व नान जेडए में दर्ज है।वक्फ की जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण कार्य को ध्वस्त करा दिया गया है। कागजों की पड़ताल कराई जा रही है। प्रकरण की जांच में स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही इस पर निर्णय किया जाएगा। निर्माण न करने की चेतावनी दी गई है।

## सादाबाद में बिना अनुमति काटे 14 वृक्ष, युवक को पीटा, जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

सादाबाद वन विभाग की वनरक्षक व वेदई बीट प्रभारी अंकिता तिवारी ने कोतवाली में राजकुमार मित्तल निवासी निरंजन बाजार सादाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि 24 मई को 11 बजे मिली सूचना मिलने पर वह हमराह विनय कुमार के साथ मौके पर पहुंचीं तो पाया कि आठ नीम, चार शीशम और दो पापड़ी के वृक्षों को काटकर संपूर्ण लकड़ी गायब कर दी गई है। पूछताछ में पता चला कि इन वृक्षों को नामजद व्यक्ति ने वन विभाग की बिना अनुमति के अवैध रूप से काटा है। रास्ते में युवक को पीटा, धमकी दीसादाबाद के बंगालपुरा निवासी सनवर पुत्र असगर ने कोतवाली में डब्बू पुत्र शमसाद, आरिफ पुत्र निसार और इकबाल पुत्र निसार निवासी मोहल्ला पोखरवाला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सनवर ने बताया कि 9 मई को उनका बेटा इरफान अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में नियामत के घर के सामने रात साढ़े आठ बजे नामजदों ने उसे रोककर उसको पीटा और गाली-गलौज की। उनके बेटे के हाथ व अन्य हिस्सों पर चोट आईं। नामजदों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी।

## हाथरस में मौसम के बदलाव से सेहत पर असर रोजाना 200 बच्चे पहुंच रहे जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों में भी बीमार बच्चों की भरमार

सासनी में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और कातिबों ने मंगलवार को अपने चेंबर बंद रखकर हड़ताल जारी रखी। यह हड़ताल रजिस्ट्री प्रक्रिया के निजीकरण के विरोध में की जा रही है।उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 की नई रजिस्ट्रीकरण नियमावली के तहत दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण ऑनलाइन किया जा रहा है।सरकार ने इस प्रक्रिया को एक निजी संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारियों को सौंपने का निर्णय लिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस फैसले से वकील, टाइपिस्ट और कातिबों को आर्थिक नुकसान होगा।विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से रजिस्ट्री प्रक्रिया के निजीकरण के आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।प्रदर्शन में संजीव कुमार सिंह, प्यारेलाल शर्मा, कृष्ण सिंह तोमर, प्रशांत पाठक, मधुकर नगायच, संतोष शर्मा, गिर्राज सिंह, बीपी सिंह, महेश तोमर, पीके सिंह, मनवीर सिंह बालियान, सुभाष सिंह, राजेश शर्मा, राजेश लवानिया, केपी सुमन सहित बार एसोसिएशन के अन्य अधिवक्ता और कातिब उपस्थित रहे।

## हाथरस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की दुर्दशा कांग्रेसियों ने दूध से स्नान कराया, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण की मांग की

हाथरस के सासनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा रखरखाव के अभाव में दुर्दशा का शिकार हो रही है। कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन से मूर्ति की सुरक्षा की मांग की।कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा को दूध और जल से स्नान कराया। उन्होंने प्रतिमा के चारों ओर बैरिकेडिंग लगाने और ऊपर शेड बनवाने की मांग की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिशंकर शर्मा, मुन्नालाल शर्मा और डॉ. कासिम अली ने प्रशासनिक उपेक्षा पर चिंता जताई।कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर प्रतिमा का सौंदर्यीकरण नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद कार्यक्रम में कैलाश चंद्र भूमिढर, पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, दाऊ दयाल शर्मा, इरफान कुरैशी, चंद्र मोहन गुप्ता, वीरेंद्र कुमार जैन, सुशील जैन, कपिल नरूला, हरिशंकर वर्मा और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भोला शंकर शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाथरस के एमएलडीवी पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र मानवेंद्र प्रताप सिंह ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की

हाथरस के एमएलडीवी पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र मानवेंद्र प्रताप सिंह ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की है। सुरेंद्र सिंह के पुत्र मानवेंद्र ने परीक्षा में 1657वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।संस्था के डायरेक्टर स्वतंत्र कुमार गुप्त ने बताया कि इसी सत्र में विद्यालय की छात्रा सुरभि ने सीबीएसई इंटरमीडिएट में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन का परिणाम है। समारोह में मानवेंद्र के पिता सुरेंद्र सिंह और उनके ताऊ सोहन सिंह का भी सम्मान किया गया। सोहन सिंह प्राथमिक विद्यालय बोनई, हाथरस में प्रधानाध्यापक हैं।यह रहिए मुख्य रूप से मौजूद कार्यक्रम में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर शैलकांता गुप्ता, प्रशासनिक प्रमुख हर्षित गुप्ता, प्रधानाचार्या पूनम वार्ष्णेय समेत अन्य शिक्षकों ने मानवेंद्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हाथरस के मीतई गांव में स्थित शहीद जहूर खान पार्क की स्थिति बदहाल

हाथरस के मीतई गांव में स्थित शहीद जहूर खान पार्क की स्थिति बदहाल है। पार्क के कई हिस्सों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। इस मुद्दे को लेकर शहीद के परिजनों ने तालाब चौराहे पर धरना दिया। जहूर खान 17 अक्टूबर 2002 को ऑपरेशन पराक्रम में शहीद हुए थे।उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मीतई में किया गया था। उनका परिवार शहर के मोहल्ला नई दिल्ली में रहता है। शहीद की याद में उनके परिवार ने अपनी धनराशि से पार्क का निर्माण करवाया था। वहां पर स्मृति स्थल बनवाया था।कई बार कर चुके हैं शिकायत... शहीद की पत्नी हाजरा बेगम और बेटे आसिफ खान ने बताया कि वे कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पार्क दुर्दशा का शिकार है और इस पर अवैध कब्जे हो गए हैं। परिवार ने चेतावनी दी है कि अगर पार्क का सौंदर्यीकरण नहीं कराया गया और अवैध कब्जे नहीं हटाए गए, तो वे 15 जून से कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।

# महिला ने भेजी फ्रेंड रिक्वेस्ट, फंसाया प्यार के जाल में, एकांत में बुलाकर किया ये काम, पकड़े गए

अलीगढ़ की अतरौली पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी की मदद से एक बड़े हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक महिला, उसके पति और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है।फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर महिला भोले-भाले लोगों से मीठी-मीठी बातें करके अपने प्यार के जाल में फंसाती। अपने से मिलने के लिए उन्हें एकांत स्थानों पर बुलाती। वहां पर आते ही महिला और उसके अन्य साथी मोबाइल, नगदी, सामान लूट लेते और मारपीट भी करते। इस दौरान विभिन्न ऑनलाइन पेमेंट माध्यमों से रुपये भी ट्रासफर करा लिए जाते। ऐसे ही गिरोह के तीन शातिरों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया, जिसमें एक महिला भी शामिल है।अलीगढ़ की अतरौली पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी की मदद से एक बड़े हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक महिला, उसके पति और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है। यह गैंग फेसबुक पर लोगों को प्रेम जाल में फंसाकर उनसे लूटपाट करता था।यह महिला अपने पति और एक दोस्त की मदद से लोगों को फेसबुक पर दोस्ती का झांसा देती थी। मीठी-मीठी बातें करके उन्हें अपने प्रेम जाल में फंसा लेती थी और फिर उनसे मिलने बुलाती थी। जब युवक मिलने आते थे, तो महिला का पति और उसका दोस्त मिलकर उनसे लूटपाट करते थे।

# नगर आयुक्त ने की नाला सफाई की समीक्षा

अलीगढ़ |पिछले दिनों मूसलाधार बारिश में शहर में जल भराव को देखकर कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में नाला सफाई की नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने समीक्षा की |समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त ने सभी नालो को 15 जून तक हर हाल में साफ करने के निर्देश दिए और नालो की सफाई का भौतिक सत्यापन इस बार स्वच्छता निरीक्षकों के साथ सभी अवर अभियंता को करने के लिए कहा गया और सभी अवर अभियंता को नाला सफाई के पर्यवेक्षण का जिम्मा सौपा गया है |नगर आयुक्त ने नालो से निकली सिल्ट को सड़क पर न डालने के लिए भी अधीनस्थों को निर्देश दिए है |नगर आयुक्त ने नाला सफाई के लिए जिम्मेदार ठेकेदार का 20 प्रतिशत भुगतान जमानत धनराशि के रूप में रोकने के साथ साथ अगले वर्ष से सभी छोटे बड़े नालो की सफाई का कार्य एएमसी मॉडल पर कराये जाने के निर्देश दिए |बैठक में उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह,सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह,मुख्य अभियंता सुरेश चंद,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मुकेश कुमार सहित सभी अवर अभियंता व नाला सफाई के ठेकेदार मौजूद रहे|

## नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को दिया बड़ा तोहफा–अब सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी पा सकेगें अपने सभी देयकों का भुगतान



नगर निगम में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मच. ारियों को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बड़ी राहत देते हुये सेवानिवृत्त दिनांक को ही कर्मचारी के सभी देयकों का भुगतान करने की व्यवस्था को लागू कर दिया है। बरसों से कर्मचारियो की इस बड़ी समस्या से निजात नगर आयुक्त के द्वारा मिल गयी है। नगर आयुक्त ने कर्मच. ारियों के हितों में एक बेहतरीन पहल करते हुये सभी विभागाध्यक्षों को सेवानिवृत्ति नो. टिस देने के साथ ही समस्त देयकों के भुगतान की कार्यवाही प्रत्येक दशा में सु. निश्चित कराये जाने व सेवानिवृत्ति दिनांक के समय सभी देयकों का भुगतान करने के आदेश दिये है। नगर आयुक्त ने अधीनस्थों को निर्देश दिये यदि किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी को सेवानिवृत्ति दिनांक पर सभी देयकों का भुगतान न करने वाले विभागाध्यक्षकार्मिक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी है। नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को कर्मचारी हित में सराहनीय निर्णय लेने के लिए आभार व्यक्त कियानगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि शासकीय सेवा में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सेवानिवृत्ति दिनांक हमेशा यादगार होता है नगर निगम के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के इस दिन को और यादगार बनाया जायेगा आगामी माह से नगर निगम में सेवानिवृत्त होने वाले प्रत्येक कर्मचारीअधिकारीव्सफाई कर्मचारी के देयकों का भुगतान सेवानिवृत्त के दिन ही मिलेगा।

## खेत तालाब योजना में खेत तालाब निर्माण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ (जिला भूमि संरक्षण अधिकारी दिव्या मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंच. ाई योजना के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा वर्ष 202526 में वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना में खेत तालाब निर्माण के लिए कृषक लाभार्थियों का ऑन लाईन चयन किया जाना है। ऑनलाईन पंजीकरण के लिए दर्शन पोर्टल upa-griculture-uo-gov.पद पर 02 जून से बुकिंग प्रारम्भ हो गई है। उन्होंने बताया कि किसान भाई खेत तालाब निर्माण के लिए तत्काल बुकिंग कर लाभ उठायें, कृषकों का चयन जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा |उन्होंने बताया कि कृषकों द्वारा पंजीकरण के उपरान्त लघु तालाब के लिए 1000 रूपये की टोकन मनी जमा करना होगी, टोकन मनी जमा होने की ऑन लाईन पुष्टि होने के 10 दिन के अन्दर निर्धारित खेत की खतौनी, लाभार्थी का फोटो व निर्धारित घोषण पत्र अपलोड करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि 10 दिनके अन्दर कृ षक द्वारा अभिलेख अपलोड नहीं किए जाते हैं तो टोकन मनी जब्त कर, प्रतीक्षा सूची से अगले कृषक को अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लघु तालाब का आकार 22 मीटर20 मीटर3 मीटर निर्धारित है, जिसकी अनुमानित लागत 01 लाख 05 हजार रूपये है। लागत का 50 प्रतिशत अनुदान धनराशि 52 हजार 500 रूपये का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से दो किश्तों में किया जायेगा। खेत तालाब पूर्ण होने पर टोकन मनी की धनराशि कृषक के खाते में वापिस कर दी जायेगी। कुल भौतिक लक्ष्य 49 के सापेक्ष 40 प्रतिशत लक्ष्य के लिए वह कृषक पात्रता श्रेणी में आयेंगें जिन्होंने आवेदन की तिथि तक विगत 07 वर्षों में उद्यान न कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की हो और वह वर्तमान में चालू स्थिति में हो। उन्होंने बताया कि अवशेष 60 प्रतिशत लक्ष्य में वह कृषक पात्र होंगें जिन्होंने पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित नहीं की हो और वर्तमान में तालाब निर्माण के समय सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक हैं |उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त वाटर लिफ्टिंग डिवा. ईस (पम्पसेट) जिस पर मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम 15 हजार रूपये का अनुदान लाभार्थी कृषक को दिया जायेगा। जिसका पंजीकरण उद्यान विभाग से कराना अनिवार्य है। जनपदीय भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा सभी किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर उपरोक्त वे. बसाइट पर पंजीकरण कराते हुए खेत तालाब योजना का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि किसान भाई अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9719143491, 6395082483, 7388506114 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मोबाइल फोन छोड़कर परिवार से संवाद करें बच्चे–श्याम कुंतैल ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन

अलीगढ़ |ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मक. ालीन अवकाश के अवसर पर एक सप्ताह का समर कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया |इस दौरान समारोह आयोजित कर समापन किया गया |आपको बता दें कि इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और आत्मविश्वास को विकसित करना था |कैंप में प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक के छात्रों ने उत. साहपूर्वक भाग लिया |समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ा गया,जिनमें ड्राइंग, नृत्य,संगीत,योग,शिल्प कला,पब्लिक स्पीकिंग,नाटक,खेलकूद आदि शामिल थे। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी छिपी प्रतिभाओं को उजागर किया तथा टीम वर्क एवं अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुणों को आत्मसात किया |समापन समारोह में प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल ने उपस्थित अभिभावकों,शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वे मान. सिक,शारीरिक व सामाजिक रूप से अधिक सक्षम बनते हैं |उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह उत्साह और लगन के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया |उन्होंने बच्चों से मोबाइल छोड़कर परिवार के साथ जुड़ने का आह्वान किया |समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कई अभिभावकों ने भी स्कूल प्रबंधन की इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और आयोजन होने की उम्मीद जताई |इस अवसर पर सुधा सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

अलीगढ़ के थाना क्वार्सी में बकरा ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें थाना क्षेत्र की सभी मस्जिदों के इमाम मेंबर रहे मौजूद थाना अध्यक्ष द्वारा ली गई बैठक मे थाना क्वार्सी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जी ने बताया कि हमारे क्षेत्र की सभी मस्जिदों में अब तक कोई वाद विवाद नहीं हुआ है तो मैं आप सभी धर्म गुरुओं से अपील करूंगा कि इस बार भी ईद का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए वहीं उन्होंने सरकारी नियमों का पालन करने की भी अपील की सरकारी गाइडलाइन के अनुसार उन्होंने बताया की कुर्बानी के अवशेष बाहर न फेक जाएं कोशिश करें कि नगर निगम की गाड़ी आए उसी में डालें अगर किन्हीं कर्म बस अब गाड़ी नहीं पहुंचती तो उन अवशेषों को दफना दिया जाए और उन्होंने विशेष कर कहा कि कुर्बानी के समय जो साथी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल देते हैं वह ना डालें अगर ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी इसी बीच देवसेनी की मस्जिद अक्सा के इमाम मोहम्मद इरफान साहब ने बताया कि हमें थाने में बुलाया और एक बैठक की गई जिसमें थाना अध्यक्ष जी द्वारा हमें बहुत ही अच्छी बात बताई गई हैं और जो थाना अध्यक्ष जी ने बताया है वही हमारी शरण भी कहती है तो हमें सरकारी गाइडलाइन का भी पालन करना चाहिए

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत टूलकिट एवं प्रशिक्षण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ वित्तीय वर्ष 2025–26 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत नाई, बढ़ई, कुम्हार, हलवाई, दर्जी, लोहार, राजमिस्त्री, सुनार, धोबी आदि से सम्बन्धित कुशल, अकुशल उद्यमियों एवं कारीगरों को आजीविका के साधनों को सुद्धीकरण करते हुये उनके जीवन स्तर को उन्नत किये जाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए जिले के ऐसे कुशल, अकुशल उद्यमियों एवं कारीगरों जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष हो को और जो नाई, बढ़ई, कुम्हार, हलवाई, दर्जी, लोहार, राज. मिस्त्री, धोबी एवं सुनार के जानकार या कार्य कर रहे हों को सूचित किया है कि योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ऐसे कारीगरों को कौशल विकास प्रशिक्षण एवं दूल किट दिये जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर की बेवसाइट diupmsme-upsdc-gov.पद पर ऑन लाइन किये जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में सम्पर्क किया जा सकता

## सीडीओ विभिन्न विकास कार्यक्रमों की 04 जून को करेंगे साप्ताहिक समीक्षा

अलीगढ़ मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में 04 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से विकास भवन सभागार में विभिन्न विकास कार्यक्रमों की साप्ताहिक प्रगति समीक्षा की जाएगी उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभागीय कार्यक्रम एवं योजनाओं में विगत सप्ताह में कराए गए कार्य की प्रगति सूचनाओं के साथ समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## सिंचाई बन्धु की बैठक 10 जून को

अली•ढ़ मा0 अध्य{ा जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्य{ाता में 10 जून को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन स्थित सभा•ार में सिंचाई बन्धु की बैठक आयोजित की जा,•ी |अधिशासी अभियंता ,वं सचिव सिंचाई बन्धु ने उक्त जानकारी देते हु, सभी किसान भाईयों से आ•्रह किया है कि वह निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनां, ,वं अपनी सिंचाई से सम्बन्धित समस्याओं व मां•ों के सम्बन्ध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ,वं विभा•ीय अधिकारियों कर्मचारियों को सूचित करना चाहें।

## बकरीद पर सभी सूकर बाड़ों में ही रहें सुनिश्चित किया जाए

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा आगामी बकरीद पर कानून व्यवस्था के दृ ष्टिगत निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी सूकर पालक अपने सूकरों को बाड़ों से बाहर न छोड़े |मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 दिवाकर त्रिपाठी ने उक्त के क्रम में सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि बकरीद के दृष्टिगत आप अपनेअपने क्षेत्रान्तर्गत सभी सूकर पालकों को अवगत करा दें कि कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपने सूकर को सूकर बाड़ो से बाहर न छोड़े।

## जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता–नगर आयुक्त



जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने पब्लिक को दिलाया भरोसा–नगरीय जन सुविधाओं को प्रभावी बनाने के लिये पार्षद और नागरिकों से संवाद को बनाया जायेगा प्रभावीजल्द सेंटर पाइंट पर पार्किंग और अतिक्रमण से मिलेगी राहत–नगर आयुक्त ने सेंटर पाइंट व्यापार मण्डल को दिया आश्वासन'बकरीद पर ईदगाह सहित मस्जिदों को आने जाने वाले मार्गो पर चलेगा गड्डा मुक्ति अभियान–नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता और अपर नगर आयुक्त को व्यवस्थाओं को परखनें का दिया जिम्मा 'सम्भव जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी 09 जन शिकायत–दिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देशजनसुनवाई में नगरायुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के समक्ष शिकायतकर्ता एनप. ीसिंह, मदन पाल,लड्डन अली ने लाइट लगवाये जाने के संबंध मे कविता शर्मा ने ग्रहकर आपत्ति के संबंध मे सुभाष चंद्र ने नाली सफाई के संबंध में वीरेंद्र सिंह ने लाइट ठीक कराये जाने के संबंध में पवन अग्रवाल ने ग्रहकर में नाम परिवर्तन के संबंध में नरेंद्र पाल ने नालियों की सफाई के संबंध में समस्या बतायी जनसुनवाई में आये नागरिकों और पार्षदों की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के लिये नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने सभी विभागाध्यक्षों को जन समस्याओं को गंभीरता से लेने और समयबद्ध निस्तारण कराकर सीधे नगर आयुक्त को अवगत कराने की हिदायत दी है। मंगलवार को सुबह 10 बजें से अपरान्ह: 2 बजें तक नगर आयुक्त ने पार्षदों, नागरिकों, सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में आये पार्षद, हफीज अब्बाासी, नईम अहमद द्वारा बकरीद पर व्यवस्थाओं को समय से कराने के लिये नगर आयुक्त से कहा। नगर आयुक्त ने सभी पार्षदों को आश्वसत करते हुये कहा इस बार बकरीद पर साफ सफाई और कुर्बानी के अवशेषो के निस्तारण के लिये बेहतर व्यवस्थाए की जा रही है कुबा. 'नी के अवशेषो को डालने के लिये 100 से अधिक पाइंटों को चिन्हित कर जीओ टै. गिंग करायी गयी है साथ ही साथ वहॉ खड़े होने वाले वाहनों, टैक्टर ट्राली को भी आवंटित कर दिया गया है। पार्षदों द्वारा ईदगाह, जामा मस्जिद को आने जाने वाले मार्गो पर पैच वर्क कराये जाने की बात पर नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता को ईदगाह और जामा मस्जिद के आने जाने वाले मार्गो पर तत्काल गड्डा मुक्ति अभियान चलाने के साथ साथ बकरीद पर नगर निगम व्यवस्थाओं की निगरानी के लिये अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव व मुख्य अभियन्ता सुरेश चन्द्र को संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने के लिये कहा |जन सुनवाई में सेंटर पाइंट व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक बगई, शमन महेश्वरी पार्षद पुष्पेन्द्र सिंह ने नगर आयुक्त का स्वागत करते हुये सेंटर पाइंट क्षेत्र में अवैध वैन्डर्स और पार्किग की व्यवस्था न होने के कारण दुकानदारों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा मैं स्वयं सेंटर पाइंट क्षेत्र का भ्रमण करूंगा उन्होंने उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह को तत्काल सेंटर पाइंट से अवैध वैन्डर्स, अवैध पार्किग अतिक्रमण हटाने के लिये निर्देश दिये |नगर आयुक्त ने जनसुनवाई में आये सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जन समस्याओं को सीधे नगर आयुक्त तक पहुॅचने के लिये सभी लोग बधाई के पात्र हैनगर निगम जन समस्याओं को समयान्तर्गत निस्तारित कराये जाने के लिये नागरिकों से संवाद व्यवस्था को प्रभावी बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

# शिव पूजा से जागेगा सोया भाग्य, जानें महेश नवमी पर किन राशियों को मिलेगा लाभ

हिंदू धर्म में शिव जी को आराध्य मानने वालों की संख्या अनेक हैं. खासकर महेश्वरी समाज के लोग शिव जी को विशेष तौर पर पूजते हैं. हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर महेश नवमी मनाई जाती है. इस साल महेश नवमी का दिन कुछ राशियों के लिए खास माना जा रहा है क्योंकि इसी दिन चंद्रमा कन्या राशि में गोचर करेंगा जिससे कुछ राशियों के सोए भाग्य जाग सकते हैं. महेश नवमी हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है. यह पर्व खासतौर पर महेश्वरी समाज के लिए अत्यंत पावन होता है, जो भगवान शिव को कुलदेवता के रूप में पूजता है. तिथि प्रारंभरू 03 जून 2025, रात 09रू56 बजे तिथि समाप्तरू 04 जून 2025, रात 11रू54 बजे व्रत और पूजन तिथिरू 04 जून 2025 (बुधवार)इस वर्ष महेश नवमी के दिन 04 जून 2025 को प्रातः 07रू34 बजे चंद्रमा सिंह से कन्या राशि में गोचर करेगा. कन्या राशि का स्वामी बुध ग्रह है, और बुध की युति चंद्रमा से होने पर व्यापार, बुद्धिमत्ता, योजना और वाणी में उन्नति होती है. विशेषकर वैश्य और व्यापारी वर्ग के लिए यह योग अत्यंत लाभकारी माना गया है कन्या राशिरू कारोबार में नई योजनाएं फलीभूत होंगी. पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा. मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी, परिवारिक सहयोग मिलेगा.सिंह राशिरू वाणी में प्रभाव बढ़ेगा, जिससे लोग आकर्षित होंगे. व्यापार में नए साझेदार मिल सकते हैं. रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है.वृषभ राशिरू कार्यस्थल पर आपके सुझावों की सराहना होगी. नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सकता है. आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होगा.महेश नवमी का पौराणिक महत्वरू शिवजी ने 72 क्षत्रियों को कैसे दिया नवजीवन?स्कंद पुराण और अन्य ग्रंथों के अनुसार, प्राचीन काल में कुछ क्षत्रिय जाति के लोग ऋषियों के श्राप से पत्थर बन गए थे. भगवान शिव ने नवमी के दिन उन्हें श्रापमुक्त करके नवजीवन प्रदान किया. उन्होंने उन्हें अहिंसा के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया.इसी दिन से उन लोगों ने क्षत्रिय धर्म को छोड़कर वैश्य धर्म स्वीकार किया और यहीं से श्महेश्वरीश वंश की उत्पत्ति मानी गई. यही कारण है कि महेश्वरी समाज इस दिन को आध्यात्मिक पुनर्जन्म के रूप में मनाता है और भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना करता है. इस दिन धनवान व्यक्ति धार्मिक आयोजन करते हैं, गरीबों को दान भी देते हैं.इस दिन शिव पूजा का महत्व जानें कैसे करें व्रत और पूजन?प्रातः स्नान करके शिव. लिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, अक्षत और भस्म चढ़ाएं.ॐ नमः शिवाय, मंत्र का 108 बार जाप करें.महेश नवमी की कथा सुनें और क्षमा याचना करें.रात्रि में शिव की आरती और ध्यान करें.स्कंद पुराण में बताया गया है कि श्नवम्याम् शुक्लपक्षे तु ज्येष्ठे मासे महेश्वरः.ऋषीणां कृपया तुष्टः क्षत्रियां मुक्तवान् भवेत्श यानि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान महेश्वर यानि शिव ऋषियों की कृपा से प्रसन्न हुए और उन्होंने पत्थर में परिवर्तित क्षत्रियों को श्राप से मुक्त कर दिया.

## महिलाओं की आंख फड़कना देती है शुभ और अशुभ संकेत



आंख फड़कना बेहद आम बात है. हर किसी की आंख कभी ने कभी फड़कती रहती है. जिस पर हम कई बार ध्यान नहीं देते हैं. लेकिन समुद्र शास्त्र के अनुसार इसे कई बार भविष्य से जोड़कर देखा जाता है. खासतौर पर महिलाओं की आंख फड़कने को लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित भी हैं. कुछ लोग आंख फड़कने को अच्छा मानते हैं तो कुछ लोग इसे अशुभ मानते हैं. ऐसे में आज हम आपको बताएंगे महिलाओं की आंख फड़कने से क्या होता है?समुद्र शास्त्र के मुताबिक किसी महिला की दायीं आंख फड़कना शुभ संकेत नहीं माना जाता है. महिलाओं की दायीं आंख फड़कने का मतलब किसी मान. सिक तनाव, झगड़े या परेशानी का संकेत हो सकता है. कहा जाता है कि इस दौरान घर में किसी से अनबन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. हालांकि ये केवल मान्यताओं पर आधारित है, विज्ञान ऐसी किसी भी बात की पुष्टि नहीं करता है. महिलाओं की बायीं आंख फड़कने का अर्थ?वहीं महिलाओं की बायीं आंख फड़कने को शुभ माना जाता है. ये शुभ समाचार, धन का फायदा और बड़ी सफलता की ओर इशारा करता है. मान्यताओं के मुताबिक किसी महिला की बायीं आंख फड़कने का मतलब उसे धन का लाभ हो सकता है. ऐसा होने पर नौकरी में प्रमोशन भी मिल सकता है. घर में कोई खुशियां दस्तक दे सकती है. इसके साथ ही अगर किसी महिला की बायीं आंख तेज से फड़क रही है तो ये संतान प्राप्ति का संकेत हो सकता है.अगर किसी महिला की बायीं आंख फड़के तो उसे सबसे पहले घर के मंदिर में घी का दीपक जलाना चाहिए. इसके साथ ही मां लक्ष्मी को खीर बनाकर अर्पण करना चाहिए. इसके साथ गणेश भगवान को पान का पत्ता चढ़ाना चाहिए. इस दौरान महिलाओं को गरीबों को अन्न दान भी देना चाहिए. हालांकि वैज्ञानिक आंख फड़कने को ऐसे किसी भी संकेत से जोड़ के न ही देखते हैं और न ही इसकी पुष्टि करते हैं.

# कुर्बानी दें, लेकिन... बकरीद पर जानवरों को लेकर मौलाना फरंगी ने कही बड़ी बात

इस्लाम के सबसे प्रसिद्ध त्योहोरों में से एक है ईद– उल– अजहा जो, कि इस बार 7 जून को मनाया जाएगा. 'इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया' के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सोमवार को ईद–उल–अजहा (बकरीद) से पहले एक सुझाव में कहा कि केवल उन्हीं जानवरों की कुर्बानी दी जानी चाहिए जिनको लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है.उन्होंने कहा कि कुबा. ने सात जून, आठ जून और नौ जून को दी जा सकती है. महली ने मुसलमानों से श्कानून के दायरे में रहते हुए कुर्बानी की रस्में निभानेश का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक ईद–उल–अजहा सात जून (शनिवार) को मनाई जाएगी.खालिद रशीद ने एडवाइजरी में कहा, श्हमेशा की तरह इस बार भी केवल उन्हीं जानवरों की कुर्बानी दी जानी चाहिए, जिन पर कोई प्रतिबंध नहीं है. कुर्बानी स्थल पर साफ–सफाई बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए. जानवरों की कुर्बानी खुले स्थानों, गलियों, सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं दी जानी चाहिए.श पशुओं के अवशेष सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेंके जाने चाहिए और इसके लिए नगर निगम के कूड़ेदानों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए.उन्होंने कहा, श्कुर्बान किए गए पशुओं का खून नालियों में नहीं बहाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे (कुछ लोगों की) धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच सकती है और यह स्वास्थ्य की दृष्टि से भी हा. निकारक है. खून को मिट्टी के नीचे दबा देना चाहिए, ताकि वह पौधों के लिए खाद बन सके. कुर्बान किए गए पशु के मांस को ठीक से पैक किया जाना चाहिए और मांस का एक तिहाई हिस्सा गरीब और जरूरतमंद लोगों को दिया जाना चाहिए. श्ररशीद ने कहा, श्कुर्बानी के दौरान न तो कोई फोटो खींचें, न ही कोई वीडियो बनाएं और न ही उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करें.श उन्होंने लोगों से देश में शांति और देश की सीमा की रक्षा कर रहे सेना के जवानों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने की भी अपील की.




# भड़ली नवमी मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ तिथि, जून या जुलाई कब है ये पर्व ?

साल में कुछ खास तिथियों पर अभूझ मुहूर्त रहते हैं, हिंदू धर्म में इस दिन बिना मुहूर्त देखे शुभ कार्य करने का विधान है. इन्हीं में से एक है भड़ली नवमी (भडल्या नवमी). भड़ली नवमी देवशयनी एकादशी से दो दिन पहले आती है.इस दिन स्वंयसिद्ध मुहूर्त रहता है, जो विवाह के लिए बेहद शुभ माना गया है. इस साल भड़ली नवमी 2025 में कब है, आइए जानते हैं इस दिन कौन–कौन से शुभ कार्य किए जाते हैं. आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि यानी भड़ली नवमी 4 जुलाई 2025 को मनाई जाएगी. भड़ल्या नवमी को भड़रिया नौमी, भड़ल्या नवमी, भढली नवमी, भड़ली नवमी, भादरिया नवमी, भदरिया नवमी कहा जाता है.आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 5 मई 2025 को सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 6 मई 2025 को सुबह 8 बजकर 38 मिनट पर समाप्त होगी.किसी भी समय जातक अपनी सुविधा के अनुसार शुभ कार्य कर सकते हैं. साथ ही शुभ कार्य का श्रीगणेश कर सकते हैं. इस तिथि पर शुभ कार्य करने से अक्षय तृतीया के समतुल्य फल प्राप्त होता है.भड़ली नवमी गुप्त नवरात्रि की अंतिम तिथि भड़ली नवमी पर मां दुर्गा की पूजा करने वालों के सारे कष्ट दूर होते हैं.देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो जाता है, उसके बाद चार महीनों के लिए सभी शुभ कार्य रुक जाते हैं. ऐसे में भड़ली नवमी ही चातुर्मास से पहले का सबसे शुभ दिन है विवाह, मुंडन, छेदन, गृह प्रवेश सहित अन्य मांग. लिक और शुभ कामों को करने के लिए. गणेश जी, शिव जी और देवी दुर्गा की विशेष पूजा करनी चाहिए. जरूरतमंद लोगों को धन, अनाज, छाता, जूते–चप्पल, कपड़े का दान करना चाहिए.भड़ली नवमी तिथि को भगवान विष्णु की पूजा अर्चना और हवन करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और जीवन में कभी भी धन धान्य की कमी नहीं होती है.




# मंगला गौरी व्रत कब है, जानिए तिथि, पूजा विधि और व्रत से जुड़े नियम

हिंदू धर्म में मंगला गौरी व्रत का विशेष महत्व होता है. इसे सावन (ँद 2025) महीने में पड़ने वाला विशेष व्रत भी माना जाता है. बता दें कि मंगला गौरी का व्रत सावन महीने के प्रत्येक मंगलवार को रखा जाता है. इस दिन माता पार्वती की पूजा की जाती है. सुहागन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए यह व्रत रखती हैं, तो वही कुंवारी कन्याएं भी इस व्रत को करती हैं. मान्यता है कि कुंवारी कन्याएं यदि मंगला गौरी व्रत करें तो उन्हें सुयोग्य और मनचाहे वर की प्राप्ति होती है. आइए जानते हैं इस साल कब से शुरू रखा जाएगा मंगला गौरी व्रत.इस साल सावन माह 11 जुलाई से शुरू हो जाएगा. सावन का पहला मंगलवार 15 जुलाई को पड़ेगा और इसी दिन मंगला गौरी व्रत भी रखा जाएगा. इसके बाद दूसरा मंगला गौरी व्रत 22 जुलाई को, तीसरा मंगला गौरी व्रत 29 जुलाई को और चौथा मंगला गौरी व्रत 5 अगस्त 2025 को रखा जाएगा.मंगला गौरी व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहन लें. स्नान के बाद हाथ जोड़कर व्रत का संकल्प लें. पूजा स्थान पर एक चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं. इस पर मां पार्वती की फोटो या मूर्ति रखें. घी का दीप जलाकर देवी पार्वती की मूर्ति के पा रखें और षोडशोपचार विधि से पूजा करें. देवी पार्वती को लौंग, सुपारी, इलायची, फल, पान, लड्डू, सुहाग का सामान और 16 चूड़ियां आदि भी चढ़ाएं. मंगला गौरी पूजा में 16 की संख्या में चीजें चढ़ाना शुभ माना जाता है. इसके बाद व्रत कथा पढ़ें और आरती करें. मंगला गौरी व्रत आप फलाहार रख सकती हैं. इसके अलावा सा. त्विक भोजन भी किया जा सकता है.लेकिन व्रत के दौरान अनाज जैसे गेहूं, चावल या दालें नहीं खानी चाहिए,साथ ही व्रत के दौरान सफेद नमक और लहसुन–प्याज का सेवन भी न करें.जिन महिलाओं को मासिक धर्म हुआ हो, वह मंगला गौरी व्रत की पूजा न करें.

सूचना
विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें
कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़
हैल्पलाइन न.
8218049162,9870916612